सादर प्रकाशनार्थ,

पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम अक्षय हास्पिटल ग्रामीण शाखा सरगबुन्दिया में सम्पन्न

कोरबाः06.06.2016–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिचर्चा के साथ प्रतिस्पर्धा तथा अनेक स्थानों पर वृक्षारोपण का आयोजन मान्नीय सांसद डॉ. बंशीलाल महतो जी के मुख्य आतिथ्य में अक्षय हास्पिटल ग्रामीण शाखा सरगबुन्दिया में सम्पन्न हुआ। जिसमें गणमान्य व्यक्तियों के साथ साथ बच्चों ने बड़े ही उमंग उत्साह से भाग लिया। आदरणीय महतो जी का सम्मान शाल और श्रीफल द्वारा किया गया। भ्राता डॉ. बंशीलाल महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक वृक्ष लगाने से एक भागवद् कथा कराने के पुण्य प्राप्त करने के समान हैं। मुझे प्रकृति से बहुत प्यार है और मैंने स्वयं अनेकानेक पौधों को लगाकर उनका संरक्षण किया है। आपने कहा कि गांव जन जाग्रति लायें कि चाहे किसी के खेत में बबुल पेड़ क्यों न हो उसे क्षति न पंहूचायें। डॉ. के.सी. देवनाथ ने कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवनदायी आक्सीजन उत्पन्न करने के श्रोत हैं। आपने कहा कि जिस तरह से आज वन्य जीवों का अवैध व्यापार हो रहा है, उस पर रोक लगानी चाहिए। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन राजयोग प्रशिक्षिका ने कहा कि सभी प्रदूषणों का मूल कारण मन का प्रदूषण है। भ्राता अशोक कुमार गुप्ता सेवा निवृत पर्यावरण विभाग बाल्को ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमावली की विस्तृत जानकारी दी। भ्राता अशोक कुमार पाण्डेय उद्यान अधीक्षक ने आम पीपल बरगद् तथा तुलसी के पौधों की आक्सीजन उत्पादन की क्षमता के बारे में चर्चा की। भ्राता व्ही.के. सिंह प्राचार्य शा. उ. मा. वि. सरगबुंदिया ने कहा कि पर्यावरण दिवस को जन्म दिवस की तरह मनायें और जन्मोत्सव पर एक पौधा लगाने का संकल्प लें। भ्राता पुरूषोत्तम पटेल प्राचार्य शा. उ.मा. वि. तुमान ने कहा कि जहां हम रहते हैं उस परिसर को स्वच्छ और हरा–भरा बनायें तथा सम्पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करें। भ्राता प्रदीप महतो पत्रकार ओजोन पर्त में हो रहे क्षरण तथा उसके संरक्षण के जिम्मेवार हम ही हैं। भ्राता मणिशंकर कश्यप एडव्होकेट सण्डैल ने कहा कि ग्रामीण अंचल में आयोजित इस तरह के कार्यक्रम एक सराहनीय कदम है। भ्राता गजानन्द प्रसाद चौहान अध्यक्ष शाला विकास समिति सरगबुंदिया ने कहा कि लगाये हुए वृक्षों को क्षति न पंहुचायें लेकिन उनका बचाव करें। भ्राता गंगा सिंह कंवर सरपंच सरगबुंदिया ने सभी अतिथियों का ग्राम पंचायत में स्वागत किया। आपने कहा कि ग्राम में आयोजित कार्यक्रम के लिये आयोजकों का मैं सहृदय आभारी हूँ। बहन वीणा भावनानी तथा बहन आरती ने पर्यावरण पर गीत की प्रस्तुति की एवं मंच का संचालन शेखर राम ने किया। आयोजित सीनियर और जूनियर प्रतिस्पर्धा के परिणाम इस प्रकार हैं। आवास परिसर, विद्यालय, छात्रावास सरगबुंदिया एवं पहन्दा में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ फलदार पौधों का वितरण भी किया गया।

जूनियर वर्गः चित्रकला– प्रथमः कु.लीना आदिले, द्वितीयः दीप्ति कुमारी, तृतीयः चित्रा कुमारी । कविता–प्रथमः कु. निशा कंवर, द्वितीयः कु.मोनी ठाकुर। सीनियर वर्गः चित्रकला– प्रथम कु.जयंति केवर्त, द्वितीयः कु. ममता सिदार, तृतीयः राहुल कुमार। निबंधःप्रथमः अर्जुन सिंह सिदार , द्वितीयः कृष्ण कुमार साहू, तृतीयः सूरज

कुमार केवर्त। कविताःप्रथमः नरेन्द्र कुमार सिदार, द्वितीयः कु.प्रियंका साहू, तृतीयः कु. मालती श्रीवास। निर्णायक मण्डल की भूमिका भ्राता उदयनाथ साहू , भ्राता विजय कुमार पटेल प्रधान पाठक,भ्राता सुरेन्द्र कुमार श्याम और भ्राता जे. आर. यादव जन शिक्षक सरगबुंदिया, ने निभाई।

मानवीय सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी ।